
18 अगस्त 2009 सहयोग राशि रु. 100/- वार्षिक अंक-308
☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.org
(निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)
(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)
Pioneerism A commitment to Humanity पाय0 एल0 सी0 अरोड़ा (अवैतनिक)

## डा. के.के. अग्रवाल अध्यक्ष, राकेश अग्रवाल सचिव निर्वाचित

इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब रामनगर के वार्षिक निर्वाचन भवानीगंज स्थित जायका रेस्टोरेन्ट में संतोष कुमार मेहरोत्रा की अध्यक्षता तथा निर्वाचन अधिकारी डा.डी.डी. दानी चुनाव अधिकारी के निर्देशन में पूर्व सम्मति से सम्पन्न हुए। चुनाव से पूर्व 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर सभी सदस्यों ने देश की खुशहाली की कामना की तथा एक-दूसरों को एवं समस्त देशवासियों को बधाई दी। प्रातःकाल 9 बजे सेवा समिति में नीम के वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया।




*पाय. डा. के. के. अग्रवाल (अध्यक्ष)*

निर्वाचन बैठक का संचालन सचिव पुनीत शर्मा ने किया। उन्होंने संस्था का वार्षिक आय-व्यय विवरण एवं पूरे किये गये कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

सर्वसम्मति से डा.के.के. अग्रवाल अध्यक्ष, संजीव शर्मा व श्रीमती सुमन अग्रवाल उपाध्यक्ष, राकेश अग्रवाल सचिव, राजा चड्ढा उपसचिव, मधुर किशोर अग्रवाल औषधालय प्रबन्धक, डा.बी.सी. अग्रवाल, राजेश मित्तल, विपिन अग्रवाल, तनु चड्ढा निदेशक, इन्जी0 एम0एम0 नेगी कोषाध्यक्ष व डा. धनेश्वरी घिल्डियाल, बी.डी.पाण्डे, संजीव शर्मा प्रधान कार्यालय प्रतिनिधि चुने गये।

बाल कलाकार स्वपनिल शर्मा ने सुन्दर गजल एवं जितिन शर्मा ने मधुर गीत प्रस्तुत किया। लकी पुरूस्कार के विजेता डा.के.के. अग्रवाल, अनीता अग्रवाल तथा समय बद्धता पुरूस्कार विपिन अग्रवाल एवं श्रीमती अंशु अग्रवाल को मिला।



*पाय. राकेश अग्रवाल (सचिव)*

चुनाव अधिकारी डा.डी.डी.दानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

40वें राष्ट्रीय सम्मेलन के रामनगर आयोजन के लिये डा.के.के.अग्रवाल, संतोष मेहरोत्रा, राजा चड्ढा, अरविन्द सिंघल की एक समिति बनायी गयी। मुरादाबाद में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में रामनगर के 7 (सात) सदस्य जायेंगे।

महिला कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने के लिये श्रीमती सुमन अग्रवाल के नेतृत्व में श्रीमती तनु चड्ढा, डा. धनेश्वरी घिल्डियाल, श्रीमती कुसुम अग्रवाल, श्रीमती कनक शर्मा, श्रीमती सुधा मेहरोत्रा, श्रीमती आशा अग्रवाल ने भागीदारी की।

सचिव पाय. पुनीत शर्मा ने पाय. क्लब रामनगर का वार्षिक ब्यौरा एवं आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। जिसका कर्तल ध्वनि से अनुमोदन किया गया।

उक्त अवसर पर डा.डी.डी.दानी एवं दन्त चिकित्सक डा. जी.के.सिंह ने पायनियर्स क्लब की सदस्यता ग्रहण की।

अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा एवं सचिव पुनीत शर्मा ने सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली से आये प्रतिनिधि मण्डल ने महासचिव संतोष मेहरोत्रा से मुलाकात की

रामनगर इण्टरनेशनल पायनियर्स के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. अशोक सर्राफ के नेतृत्व में 10 दिल्ली से आये सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने रामनगर आकर प्रधान कार्यालय के महामंत्री एवं संस्थापक संतोष कुमार मेहरोत्रा से मुलाकात की।

दिल्ली से आये प्रतिनिधि मण्डल ने प्रधान कार्यालय में पत्रावली के रख रखाव, आय व्यय तथा कार्य संचालन का निरीक्षण किया तथा संतोष व्यक्त किया।

प्रधान कार्यालय के कुछ पदाधिकारियों की निष्क्रियता पर चिन्ता व्यक्त की। आगामी सत्र की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन पर चर्चा की।

सभी सदस्यों ने दिल्ली में कार्य कर रही पायनियर्स क्लब दिल्ली ईस्ट शाखा के गठन के औचित्य पर विचार करने का अनुरोध किया। सदस्यों ने कहा कि हमारे भारतीय क्लब में सब कुछ है। मानवता की सच्ची सेवा करने का जज्बा, विश्व बन्धुत्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम् के आदर्शो में सब कुछ निहित है तथा विदेशी क्लबों को अपनाने।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सर्राफ ने कहा कि यदि सब सदस्य एवं पदाधिकारी एक जुट होकर परिश्रम अनवरत कार्य निष्ठा और लगन से सेवा कार्यो में जुटे तो आशाजनक परिणाम निकलेंगे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पायनियर्स सेवा की एक मिसाल है हम पायनियर्स क्लब को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने के लिये प्रयत्नशील रहेंगे।

दिल्ली पायनियर्स के सचिव जयगोपाल गुप्ता ने प्रधान कार्यालय से शाखाओं को अधिक स्वायत्ता देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस सत्र में दिल्ली पायनियर्स क्लब अनेक नये सदस्य बनायेगा।

प्रतिनिधि मण्डल में आलोक गुप्ता, प्रवीण जैन, राजकुमार गुप्ता, संजीव जैन, राजीव गोयल, सतीश अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, सुशील सिंघल आदि सदस्य थे।

सभी सदस्यों ने संस्थापक संतोष मेहरोत्रा की दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि संतोष मेहरोत्रा के लगातार 40 वर्षो से गतिशील हैं एवं अनेक सदस्य उनकी प्रेरणा से कार्य कर रहे हैं।

## मनुष्य के जीवन में जीवन-मृत्यु शाश्वत सत्य है, तो इससे भय क्यों ? सभी इसके अटल सत्य को स्वीकार करें।

बड़े पहुंचे हुए और सुलझे हुए एक संत थे। वह बेहद सीधे सरल स्वभाव के थे। उनकी कीर्ति दूर-दूर तक फैली थी। कुछ लोग तर्क शास्त्र में माहिर होते हैं। दूसरों की परीक्षा लेना, खरा-खोटापन परख कर अपनी तर्कबुद्धि से स्वयं को इनसे श्रेष्ठ सिद्ध करना ही ऐसे लोगों का काम होता है। ऐसे ही एक तर्क शास्त्री उन संत के पास आये और बोले ज्ञान पाने की अभिलाषा से मैं आपके पास आया हूं।

संत जी ने गहरी दृष्टि से उन सज्जन को देखा। पलक झपकते ही दिव्य दृष्टि से भीतर बाहर का सब कुछ समझ लिया। बोले ज्ञान पाना चाहते हो? वह बोला वैसे तो मुझे दुनिया का पूरा ज्ञान है पर मैं यह जानना चाहता हूं कि आपके पास ऐसा क्या है जो मुझे नहीं मालूम और जो मैं नहीं जानता वही ज्ञान लेने आया हूं। ठीक है ज्ञान पाना चाहते हो तो क्या पात्र लाये हो। उसने कहा कैसा पात्र? संत जी ने कहा ज्ञान किसमें लेंगे? वह बोला ज्ञान तो हृदय में, मन में भरने की वस्तु है उसके लिए पात्र की क्या आवश्यकता। संत जी ठीक है कहकर बोले आओ पहले जलपान करें। संत जी ने कुछ विशिष्ट संकेत किए। शिष्य दो गिलास और शरबत से भरा एक जग ले आया। जो दो गिलास वह लाया उसमें एक पहले से ही गंदा सा साधारण जल भरा हुआ था। संत जी ने जग उठाया और उस भरे हुए गिलास में शरबत उडेलना शुरू किया। तर्क शास्त्री बोला आप यह क्या कर रहे हैं। जिस गिलास में आप शरबत उडेल रहे हैं वह पहले से ही गंदे पानी से भरा है। संत जी ने हाथ रोक लिया और शरबत का बर्तन नीचे रख दिया।

वह बोला आपको गंदे पानी में शरबत नहीं डालना चाहिए था, भरे हुए को आप कैसे भर सकते हो। संत जी मुस्कराये और कहा हे ज्ञान के पिपासु मैं भी तुम्हें यही समझाना चाहता हूं कि बताओ भरे हुए हृदय को कैसे करूं। इसी प्रकार जिस पात्र में आप मुझसे ज्ञान लेने आये हैं आपका वह पात्र भी विकारों से भरा है। आपने स्वयं स्वीकार किया है कि मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए। फिर बताइये आपके जिस हृदय में ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, अंहकार आदि विकार भरे हैं आप उस मन रूपी पात्र में ज्ञान भरने की अभिलाषा लेकर मेरे पास आये हैं तो क्या ऐसा कर पाना मेरे लिए संभव है।

संत जी ने जग उठाकर खाली गिलास में शरबत डाला और उसे सहजता से भर दिया। संत जी बोले जब तक हृदय रूपी पात्र खाली नहीं होगा उसमें ज्ञान रूपी शरबत नहीं भरा जा सकता। अब तुम्ही बताओ भरे हुए को कैसे भरा जा सकता है। यह सुनकर वह बहुत शर्मिन्दा हुआ और उसका सिर झुक गया।

# डा. पुनीत शर्मा की रिपोर्ट : पायनियर्स क्लब शाखा, रामनगर (2008–09)

**रामनगर।** 20–21 सितम्बर 2008 को वृन्दावन धाम में पायनियर्स क्लब का राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष (शाखा–रामनगर) पाय. संतोष मेहरोत्रा, सचिव पाय. पुनीत शर्मा, उपसचिव पाय. राजा चड्ढा, प्रधान कार्यालय प्रतिनिधि पाय. बी.डी. पाण्डे व विदेश से आमंत्रित पाय. कपिल मेहरोत्रा ने भाग लिया।

27.9.2008 में सर्वप्रथम विश्व पर्यटन दिवस 27 सितम्बर के उपलक्ष्य में सम्मानित पायनियर बंधुओं ने अपने सारगर्भित विचार रखे तथा इस दिशा में रामनगर शहर, पर्यटन, एवं पायनियर्स क्लब के संयोजन पर नये–नये विचारों को रखा।

माह अक्तूबर के लिए सम्भावित कार्यक्रमों के निर्णय लिए गये। इस दिन यह भी निर्णय लिया गया कि समस्त कार्यकारिणी सभाऐं पाय. होम्योपैथिक औषधालय के सम्पर्क में आयें। 2 अक्टूबर को अतंर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 3 अक्टूबर को रामनवमी पर्व का आयोजन सर्व सम्मति से पारित हुआ तथा दीपावली पर्व संयुक्त रूप से पाय. औषधालय में मनाने तथा दीपावली के उपलक्ष्य में सभी सदस्यों को मिष्ठान वितरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया।

दिनांक 02 अक्टूबर को साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के उपलक्ष्य में भजन–संगीत का आयोजन हुआ। उत्तम समाज सेवा हेतु वयोवृद्ध श्रीमान् प्रभुदयाल जी तथा पाय. बीडी पाण्डे के दुशाला उड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समस्त व्यय अप्रवासी भारतीय पाय. कपिल मेहरोत्रा ने अपने स्व. पिता श्री शशि मेहरोत्रा की स्मृति में स्वयं वहन किया। उपस्थित सभाजनों ने अंतर्राष्ट्रिय वृद्ध दिवस, गांधी जयंती, स्व. लाल बहादुर शास्त्री जयंती, ईद व अंहिसा दिवस जैसे प्रमुख आयोजन एक ही दिन 2 अक्टूबर पर होने के उपलक्ष्य में विचार रखे। सभा उपरांत स्वल्पाहार की स्वस्था भी रखी गयी।

शाखा रामनगर के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि सभी सदस्यों को जन्मदिन व विवाह वर्षगांठ पर बधाई पत्र प्रेषित किया जाय तथा प्रत्येक माह की रिपोर्ट जोनल चैयरमेन पाय. एलसी अरोरा द्वारा प्रशस्त पत्र भी दिया गया।

दिनांक 03.10.08 को साधारण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक पाय. डा.के.सी.जोशी रहे। सभा विश्व पशु दिवस के अवसर पर थी। सभा में सभी ने अपने–अपने विचार रखे।

मुख्य दो बिन्दुओं को चयन कर एसडीएम रामनगर की द्वारा मा.प्रधानमंत्री, भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें प्रथम बिन्दु के रूप में जंगली जानवरों की खाल, दाँत व नाखून जैसी कीमती चीजों के कारण हो रही हत्या व तस्करी को रोकने हेतु बल दिया गया। दूसरा माँस की बढ़ती कीमतों के कारण कम दूध वाले पशुओं का वध रोकने पर बल दिया। जिसके दुष्परिणाम के रूप में जनता नकली दूध रूपी जहर पीने को मजबूर है।

पाय. जीएस अधिकारी ने इस दिशा में सराहनीय कार्य किया व विश्व हिन्दू परिषद के माध्यम से 2 ट्रक गाय कसाईयों के चंगुल से छुड़ाई।

दिनांक 8.10.08 को पायनियर्स औषधालय में रामनवमी पर्व का आयोजन हुआ। सभी ने एक–दूसरे को बधाई दी तथा सदैव धर्म के मार्ग पर चलने का प्रण लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जन द्वारा विभिन्न ओजस्वी विचार रखे गये।

दिनांक 28.10.08 को प्रथम बार पायनियर हौम्योपैथिक औषधालय, जो कि पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय कार्यालय का भी रूप है, दीपकों की रोशनी से रोशन हुआ तथा लक्ष्मी पूजन कर प्रसाद में खील (लावा) व बताशे बांटे गये, आतिशबाजी करके पटाखे छोड़े गये। साथ ही कामना की गयी कि प्रत्येक दीपावली पर इसी प्रकार आयोजन होता रहे। सदस्यों ने बधाईयां दी। साथ ही सभी सदस्यों को मिष्ठान, खील–बताशे व फूल भेंट किये गये।

दिनांक 02.11.08 को आय–व्यय विवरण को प्रस्तुतीकरण हेतु साधारण सभा का आयोजन किया गया।

दिनांक 08.11.08 को उत्तराखण्ड राज्य के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर साधारण सभा व रात्रिभोज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के मनमोहक गायन व चुटकुलों ने सभी को आकर्षित किया। अनेक कार्यक्रम के साथ उत्तराखण्ड की सर्दी में गर्मागर्म सरसों का साग व मक्के की रोटी यादगार बन गयी।

दिनांक 11.11.08 बाल दिवस के अवसर पर सेवा समिति रामनगर में चल रहे निःशुल्क विद्यालय में गरीब बच्चों को स्वेटर का निःशुल्क वितरण किया गया। पाय. मनीष वर्मा ने बच्चों को गुब्बारे, पैंसिल–रबर का स्वयं की तरफ से वितरण किया।

दिनांक 16.12.08 को कार्यकारिणी–सभा का आयोजन किया गया जिसमें 23 दिसम्बर को किसान दिवस के अवसर पर आयोजन पर विचार तथा नववर्ष 2009 के आगमन पर आयोजन की रूपरेखा तय की गयी। किसान दिवस पाय. राजा चड्ढा के फार्म पर गोष्ठी का आयोजन सर्वसम्मति से तय हुआ। नववर्ष हेतु हास्य कार्यक्रम पारित किये गये।

दिनांक 23.12.08 को किसान दिवस के अवसर पर पाय. चड्ढा के फार्म पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'उद्यान पण्डित' की उपाधि से सुशोभित श्रीमान् राकेश सिंघल जी रहे। साथ ही मुख्यवक्ता कृषि हेतु विख्यात विश्वविद्यालय, पंतनगर विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रवक्ता डा. एसएम




*उद्यान पण्डित राकेश नन्दन सिंघल को सम्मानित करते पाय. क्लब के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, प्रथम महिला पाय. सुधा मेहरोत्रा सचिव पुनीत शर्मा, पूर्व सचिव सलिल गुप्ता*

शेष पृष्ठ 4 पर...

पृष्ठ 3 का शेष...

# डा. पुनीत शर्मा की रिपोर्ट : पायनियर्स क्लब शाखा, रामनगर (2008–09)

टंडन रहे। इस अवसर पर क्लब के अनेक सदस्यों द्वारा पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण करने की शपथ ली। जिसमें पाय. सलिल गुप्ता अग्रणी रहे। भाव-विभोर होकर श्रीमान् राकेश सिंघल ने अपने पाली-हाउसों का भ्रमण सभी उपस्थित पायनियर बन्धुओं को निःशुल्क करवाया तथा उपहार स्वरूप जरबेरा के फूलों के बुकें तथा कारनेशन के फूलों के गुलदस्ते भेंट किये। इस अवसर पर उद्यान पंडित श्रीमान् राकेश सिंघल का दुशाला उडाकर सम्मान किया गया।



*सम्मानित किया उद्यान पं. राकेश नन्दन सिंघल*

दिनांक 31.12.08 को श्रीमान् एसडीएम महोदय रामनगर द्वारा ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीबों को निःशुल्क कम्बल बांटने का निर्णय लिया तथा पायिनयर्स क्लब रामनगर से 2 कम्बल की अपेक्षा की। श्रीमान् के संदेश पर तुरंत उन्हें कम्बल गरीबों को वितरण हेतु उपलब्ध कराये गये।

दिनांक 31.12.08 को सर्दी के बढ़ते प्रकोप से बचने हेतु शहर के मुख्य चौराहे, कोसी रोड, पर अलाव की व्यवस्था की। जिसमें लकड़ी का योगदान पाय. सलिल गुप्ता ने किया। समस्त स्थानीय लोगों ने क्लब का आभार व्यक्त करते हुए सदैव इसी प्रकार के सामाजिक कार्यो की अपेक्षा जताई।

दिनांक 01.01.09 को क्लब द्वारा सेवा समिति रामनगर में गरीबों को निःशुल्क कम्बल वितरण किये गये। मा. विधायक दीवान सिंह बिष्ट जी के कर कमलों से यह वितरण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित विधायक महोदय, सेवा समिति के अधिकारीगण, प्रबुद्ध नागरिक व गरीब जनता ने क्लब को साधुवाद दिया तथा क्लब के उज्जवल भविष्य की कामना की।

दिनांक 01.01.09 को कार्यक्रम 'सुस्वागतम् 2009' का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रमुख हास्य साहित्यकार डा. बृजमोहन गुप्त (प्रवक्ता डिग्री कॉलेज) ने अपने हास्य रचनाओं से वर्ष का आरंभ सुखद बना दिया। क्षेत्र के हास्य सम्राट श्री रामपाल किशोर ने सर्दी के माहौल में भी हास्य की गर्मी का अहसास करा दिया। इस अवसर पर 'बैस्ट पायनियर ऑफ द ईयर' का चुनाव किया गया। जिसमें पाय. बी.डी. पांडे प्रथम, पाय. पुनीत शर्मा द्वितीय व पाय. राजा चड्ढा तृतीय रहे। तीनों में मात्र 1-1 वोट का अंतर रहा। बैस्ट पायनियर का चुनाव गुप्त मतदान के आधार पर हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य आशय पाय. बंधुओं के मध्य उत्तम कार्यो हेतु प्रतिस्पर्धा तेज करना था।

दिनांक 10.01.09 को कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा रामनगर द्वारा चलाये जा रहे दो हौम्योपैथिक औषधालयों की प्रगति व आय-व्यय पर विचार विमर्श किया गया।

दिनांक 12.04.09 को गोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 'कन्या भ्रूण हत्या' विषय पर विचार रखे गये। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता डा. अधीर कुमार (प्रवक्ता डिग्री कॉलेज) थे। विषय अत्यधिक गम्भीर बन पड़ा जब महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी के साथ अपने करूण विचार व्यक्त किये।




*महिला पायनियर्स का तीज मिलन*

माह जुलाई 09 में महिला पायनियर्स ने सक्रियता दिखाते हुए पाय. तनु चड्ढा के नेतृत्व में सभा का आयोजन किया तथा महिलाओं द्वारा सक्रियता को तेज करने हेतु रूपरेखा तय की।

26 जुलाई 2009 को तीज मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शाखा रामनगर के सदस्य व उनके द्वारा आमंत्रित अतिथिगण शामिल थे।

इसके अतिरिक्त शाखा रामनगर लम्बे समय से चले आ रहे दो प्रोजेक्ट, पायनियर्स धर्मार्थ होम्योपैथिक औषधालयों एवं ऑक्सीजन बैंक को वर्षभर सफलतापूर्वक संचालित करती रही। साथ ही वर्ष के दौरान विभिन्न सामाजिक क्रियाकलापों व गतिविधियों में क्लब ने पूर्ण भागीदारी निभायी। राष्ट्रीय लोक सभा चुनावों से पूर्व राष्ट्रीय सहारा द्वारा आयोजित 'एक वोट करे चोट' कार्यक्रम की अध्यक्षता पाय. संतोष महरोत्रा संचालन पाय. पुनीत शर्मा व पाय. सोमेश शर्मा ने किया। विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी विभागों से सामाजिक हित हेतु वर्ष भर सम्पर्क जारी रहा। जिसके फलस्वरूप रामनगर में बंद पड़े नेत्र शिविर सरकार द्वारा पुनः आरंभ करा दिये गये।

वर्ष के दौरान हृदय चिकित्सा शिविर हेतु प्रयास व पूछताछ जारी रही। किन्तु उचित जवाब व व्यवस्था न होने के कारण यह अगले सत्रों हेतु सम्भावित रहा।

सत्र के अंत में दिनांक 5 अगस्त 2009 को वृक्षारोपण का निर्णय लिया गया व सेवा समिति रामनगर प्रांगण में नीम के वृक्षों का

शेष पृष्ठ 7 पर...

# पाँवों (पैरों) का महत्व

पाँव शरीर का एक ऐसा अंग जिसे उपेक्षित मान लिया जाता है। पांव जिन्हें जमीन पर टिके रहने की हिदायत दी जाती है तो कभी आसमान से भगवान बनाने की आशा देते हैं। पांवों को उपेक्षित अंग मानने वाले गलतफहमी का शिकार होते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि पांव ही है जो उन्हें जमीन से पहाड़ की चोटी तक पहुंचाते हैं। पांव ही मुसाफिर को मंजिल तक पंहुचाते हैं। तो वही पांव ही कभी-कभी सन्मार्ग से भटकने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं।

पांव के महत्व को जानने के लिए आप संत कबीरदास जी को याद करिये जिन्होंने गुरू के चरण स्पर्श ईश्वर से पहले करने के लिए कहा, क्योंकि गुरू के आशीर्वाद एवं सच्ची राह दिखाने से ही ईश्वर का ज्ञान होता है। मूल रूप से भारतीय संस्कृति में मंदिरों में मूर्ति के चरण सपर्श कर सिर झुकाकर भगवान में अपनी आस्था प्रकट

आगमन पर लाभ या समृद्धि होने पर उसके चरणों को शुभ मानते हैं तो किसी को नुकसान होने पर उसके चरणों को अशुभ मान लिया जाता है। किसी सज्जन या महापुरूष से प्रभावित होकर उसके पदचिन्हों का अनुशरण करने का मन करता है

जब यही सैकड़ो या हजारो कदम किसी लक्ष्य को निर्धारित करके चल पड़ते है तो इतिहास की
धारा को ही बदल देते हैं। तख्तो ताज को बदल देते हैं।

बच्चों के छोटे-छोटे पांव जब ठुमुक-ठुमुक कर चलते हैं तो परिवार का ह्रदय प्रफुल्लित हो जाता है। राजनीति में भी कुछ लोगों की नैय्या बड़े प्रभावशाली नेताओं के पैर पकड़ने से ही पार लगती है। वैसे भी गलती करने पर यदि पांव पकड़कर माफी मांग ले तो माफी मिल जाती है।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक

*पायनियर साथियों,*

*इण्टरनेशनल पायनियर्स प्रधान कार्यालय की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. केशव प्रसाद शिवहरे के निर्देशानुसार दिनांक 30 अगस्त रविवार को प्रात: 11.30 बजे से निम्न स्थान पर सम्पन्न होगी। सभी शाखाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति समय से अतिआवश्यक है, क्योंकि इस बैठक के उपरान्त राष्ट्रीय अधिवेशन ही आयोजित होगा। प्रधान कार्यालय की पृथक से बैठक सम्भव नहीं है।*

***स्थान :-***

*1. पाय. शपथ*

*2. गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि*

*3. राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की निर्वाचन की तिथि का निर्वाचन*

*4. राष्ट्रीय अधिवेशन एवं स्थल की व्यवस्थाओं पर विचार*

*5. सभी शाखाओं से नवीनीकृत सदस्यों की सूचना, नवीनीकरण शुल्क, प्रधान कार्यालय प्रतिनिधियों की सूची, नवीन पदाधिकारियों की सूची प्राप्त करना*

*6. अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष की आज्ञा से।*

*बैठक की सम्पूर्ण व्यवस्थायें पायनियर क्लब मुरादाबाद द्वारा की जायेंगी।*

*दिनांक : 16 अगस्त 2009* *भवदीय*

*संतोष कुमार मेहरोत्रा, महासचिव*

*मो. : 9897122394*

*सम्पर्क सूत्र :*

*1. पाय.एल.सी.अरोरा, जोन चैयरमेन, 118 आजाद नगर रेलवे हरथला कॉलोनी, मुरादाबाद (यू.पी.)*
*फोन : 0591-2430666, मो.: 9319747969*

*2. पाय. एस.सी.अरोरा, बी-640/5, लाजपत नगर, पुलिस चौकी के पास, मुरादाबाद (यू.पी.)*
*मो. : 9410612132*

*3. पाय. एच.एन. धवन, पुजेरी गली, हनुमान मंदिर के सामने, दरीबापान, मुरादाबाद (यू.पी.)*
*मो. : 9927145849*

## मुरादाबाद समाचार



**मुरादाबाद।** पायनियर्स क्लब शाखा मुरादाबाद की बी.ओ.डी. की मीटिंग दिनांक 9.8.2009 को पाय. जोनल चैयरमेन एलसी अरोरा के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई जिसमें भावी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श हुआ तथा अक्टूबर 09 में होन वाले पायनियस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में पाय. जोनल चैयरमेन एलसी रोरा को राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया।

पायनियर क्लब मुरादाबाद शाखा की ओर से दिनांक 10.8.2009 को प्रताप सिंह कन्या इण्टर कालेज, गोकुलदास रोड पर नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया जिसमें डा. गोपेश मेहरोत्रा जी ने लगभग 350 बच्चों का परीक्षण किया। इस अवसर पर पाय. एससी अरोरा, पाय. एचएन धवन, पाय. एमसी गुप्ता, पाय. योगेश रस्तौगी, पाय. अंशुल शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

***पाय.एससी अरोरा*** ***पाय. एचएस धवन***
***अध्यक्ष*** ***सचिव***

## शोक संवेदना

**इण्टरनेशनल पायनियर राजीव अग्रवाल के पूज्य पिताजी श्री शान्ति प्रसाद (88 वर्ष) के असामयिक निधन पर सम्पूर्ण पायनियर परिवार अपनी गहन संवेदना व्यक्त करते हैं।**

**परमपिता परमेश्वर से निवेदन है कि मृत्आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार के सदस्यों को इस दारूण दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें।**

**ऊँ शान्ति ऊँ शान्ति ऊँ**

18 अगस्त 2009

... का अन्तर्राष्ट्रीय क्लब

प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करें

विश्व बन्धुत्व,
वसुधैव कुटुम्बकम्
के
अन्तर्गत नेतृत्व के
उचित अवसर
पारिवारिक मनोरजंन
फैलोशिप,
निःस्वार्थ समाज सेवा

सम्पर्क करें :

पाय. संतोष मेहरोत्रा, रामनगर-9897122394, पाय. केशव शिवहरे, चित्रकूट-9415437860, पाय. के.पी. सिंह गाजियाबाद-9810198281, पाय. कर्मवीर तायल, दिल्ली-9811740940, पाय. एलसी अरोडा, मुरादाबाद-9319747969, पाय. अरूण यादव, हापुडत्र-9837291373, पाय. संजय अग्रवाल, जबलपुर (म.प्र.) -9827064888, पाय. शीशपाल सिंह रावत, गढ़वाल-9410072614, पाय. अंजनी गोयल, चंदौसी-9358437684, पाय. अतुल कपूर, शाहजहांपुर-9415070285, डा. राजेश गौतम, चन्द्रपुर (महाराष्ट्र) -9822565972, पाय. फिरासत हुसैन, काशीपुर-9412464908, पाय. केपी अरोडा, उदयपुर-9414128201, पाय. कृपाल सिंह सहारा, जलंधर-9286157110, पाय. नरेश गुप्ता, हरिद्वार-9359932685, पाय. जोधवीर सिंह, नगीना-9927011815, पाय. एससी खन्ना, रामपुर-9359732691, पाय. आरके बिश्नोई, कानपुर-9415133310

रजि0 संख्या-1237 स्थापित 1968 ☎: 05947-252841
मो0 : 9897122394

इन्टरनेशनल पायनियर्स

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com

website : www.internationalpioneers.com

राष्ट्रीय कार्यालय : रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

पृष्ठ 4 का शेष...

## पायनियर्स क्लब शाखा, रामनगर..

रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने पायनियर्स क्लब रामनगर के सामाजिक योगदान को सराहा।

युगमंच नैनीताल जो कि पूर्व में पायनियर्स क्लब रामनगर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता की प्रथम विजेता रही थी, द्वारा पुनः रामनगर में नाटक 'जिन लाहौर नहीं देख्या' का मंचन करने पर निदेशक जहूर आलम को सम्मानित किया गया।

इंग्लैण्ड देश से पधारी एनआरआई पाय संगीता गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया तथा उन्हें इंग्लैण्ड में पायनियर क्लब की शाखा खोलने हेतु प्रेरित किया गया।

दिनांक 15 अगस्त 2009 को सर्वसम्मति से सत्र 2009-10 हेतु चुनाव सम्पन्न कराये गये। जिसमें रात्रि भोज की भी व्यवस्था थी। सर्वसम्मति से पाय. डा.के.के. अग्रवाल को अध्यक्ष व पाय. राकेश अग्रवाल को सचिव चुना गया। दोनों ही एक अच्छे समाज-सेवक की छवि रखते हैं तथा आशा है कि आगामी सत्र और भी अधिक नवीन सफलता के आयाम स्थापित करेगा। इसी बैठक में क्लब का वार्षिक आय-व्यय विवरण भी पारित किया गया।

वर्षभर मुझे व मेरी कार्यकारिणी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. केशव शिवहरे महासचिव पाय. संतोष मेहरोत्रा, जोनल चेयरमैन पाय. एलसी अरोडा , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पाय. बीडी पाण्डे का कुशल नेतृत्व व सानिध्य मिला जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ। आशा करता हूँ, कि शाखा रामनगर एक दिन समस्त विश्व में पायनियरवाद का नाम रोशन करेगी, ऐसा स्वप्न सत्य होगा।

अंत में अपनी कार्यकारिणी व सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ। जिनका असीमित सहयोग मेरी ऊर्जा का सहायक बना।

*वर्ष में कुल :*

| | |
|---|---|
| साधारण सभा-3, डिनर मीटिंग-6 | : 9 |
| कार्यकारिणी सभा | : 3 |
| कार्यक्रम सभा | : 7 |
| महिला पायनियर्स सभा | : 1 |
| कुल कार्यक्रम/कुल सभायें | : 20 |
| कुल सदस्य संख्या | : 27 |
| नये बने सदस्य | : 09 |

*जय पायनियर* *जय भारत*

*पुनीत शर्मा (सचिव)*
*शाखा रामनगर*

समाचार पत्र पंजीयन स
डाक पंजीयन UA/NTL01/08/2009 [illegible]

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड
सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## वफादारी

भारत की प्राचीन कहानियों में से एक कथा है राजा युधिष्ठर के बारे में। युधिष्ठर एक बहादुर और इंसाफ पसन्द राजा था। एक बार उसने फैसला किया कि उसने धरती पर तो काफी लम्बा समय गुजार लिया है क्यों न अब स्वर्ग में जाकर रहा जाये। इसलिये उसने पूरे परिवार के साथ स्वर्ग जाने का मन बना लिया। वह अपनी पत्नी द्रोपदी और अपने चारों भाइयों के साथ स्वर्ग के सफर पर निकल पड़ा। जब वे सफर पर जा रहे थे तो एक कुत्ता भी उनके साथ निकल पड़ा। सफर बहुत ही लम्बा और मुश्किलों से भरा था। जब युधिष्ठर स्वर्ग के द्वार पर पहुंचा तो उसने ध्यान दिया कि उसकी पत्नी और चारों भाई वहां नहीं है। केवल वही कुत्ता उसके पास खड़ा था। उसने सोचा कि रास्ते की थकावट और मुश्किलों ने उन्हें कहीं पीछे ही रूकने पर मजबूर कर दिया होगा। तभी इन्द्र देवता ने आकर युधिष्ठर का स्वागत किया और कहा कि वह स्वर्ग में प्रवेश करें। लेकिन युधिष्ठर ने पलटकर जवाब दिया 'मैं अपने परिवार के बिना स्वर्ग में दाखिल नहीं होऊँगा।' तभी इन्द्र देवता ने कहा कि तुम्हारा परिवार तो तुमसे भी पहले यहां पहुंच गया है और अन्दर तुम्हारा इन्तजार कर रहा है। युधिष्ठर यहा सुनकर स्वर्ग की दहलीज पार करने ही वाला था कि तभी उसे महसूस हुआ कि जिस कुत्ते ने पूरी वफादारी से उनके इस लम्बे तथा कठिन सफर में साथ दिया, वह बाहर अकेले ही खडे रह गया है। तब उसने इन्द्र देवता से कुत्ते को भी स्वर्ग में अन्दर अपने साथ ले जाने की मांग की पर इन्द्र देवता ने उसे इस बात की इजाजत नहीं दी। पर युधिष्ठर ने पक्का फैसला कर लिया था कि जो जीव उसके साथ धरती से स्वर्ग तक का इतना लम्बा सफर तय करके, बड़ी वफादारी से उसके साथ यहां तक पहुंचा है, उसे इस तरह अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। वह उसके बिना स्वर्ग जाने से इन्कार कर रहे हैं। तब उसने युधिष्ठर से उसकी वजह पूछी तो उसने कहा कि वह वफादार और भक्तिभाव वाले इस कुत्ते के साथ विश्वासघात नहीं कर सकता जिसने पूरे सफर में तन-मन [illegible] बिना किसी ख्वाहिश के. हमारा साथ दिया। इन्द्रदेवता [illegible] गाब सुनकर बहुत ही खुश हुआ और उसने कुत्ते समेत [illegible] र्ग में दाखिल होने की इजाजत दे दी। युधिष्ठर को [illegible] कि वह कोई साधारण कुत्ता नहीं बल्कि खुद 'धर्म देवता' थे जिन्होंने युधिष्ठर की वफादारी का इम्तिहान लेने के लिये यह रूप धारण किया था।

*डा. अनिल कुमार सिवाल*
*अध्यक्ष-पायनियर्स क्लब हापुड़ आस्था, 9837004625*

## सभी शाखाओं से अनुरोध



पायनियर्स साथियों, अगस्त का महिना पायनियर्स के लिए विशेष महत्व रखता है। इस माह में प्रत्येक शाखा को अपने सदस्यों का नवीनीकरण करना होता है। नये चुनाव कराने होते हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव के लिए तैयारी करनी होती है। राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी करनी होती है तथा अपनी वार्षिक रिपोर्ट सर्वश्रेष्ठ शाखा के मूल्यांकन के लिये राष्ट्रीय कार्यालय को भेजनी होती है। नया निर्वाचन नेतृत्व आगामी सत्र के लिए योजनायें तैयार करता है। समाज सेवा एक कठिन दायित्व है जो स्वान्त: सुखाय परमार्थ के लिए की जाती है। क्लब संस्कृति की सेवा से तथा मनोरंजन से जुड़ी है। पूरे उत्साह से सेवा कार्यों में आप सब आगे आयें यह मेरी कामना है।

*पायनियर संतोष मेहरोत्रा, संस्थापक एवं महासचिव, रामनगर*

**पायनियर चेतना को आर्थिक मदद देकर आगामी अंकों के प्रकाशन में सहायता करें** - *सम्पादक*

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।